विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2025 के प्रथम गुरुवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-12 का उत्तर।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 12 | (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों से लिये गये नमूनें, असुरक्षित पाये जाने पर जनपद सन्तकबीरनगर में दर्ज हुए मुकदमों की संख्या विगत् 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में कुल कितनी थी? | खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद सन्तकबीरनगर में खाद्य पदार्थों से लिये गये नमूनों के असुरक्षित पाये जाने पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 14 वाद, 2022-23 में 10 वाद एवं 2023-24 में 15 वाद अर्थात् कुल 39 वाद मा0 न्यायिक न्यायालय जनपद सन्तकबीरनगर में योजित किये गये। |
| | (ख) इन दर्ज मुकदमों में से जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी न्यायालयों से निस्तारित किये गये मुकदमों में जुर्माने की धनराशि प्रति मुकदमें कितनी-कितनी है? | खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 एवं तत्सम्बन्धी विनियमावली के प्राविधानों के अनुसार इन दर्ज मुकदमों का विचारण एवं निस्तारण जिलाधिकारी/ अपर जिलाधिकारी न्यायालयों से सम्बन्धित नहीं है। |
| | (ग) क्या भ्रष्टाचार के आधार पर जुर्माने की धनराशि अति न्यून कर दी जाती है? | जी नहीं। |
| | (घ) यदि हाँ, तो क्या इसकी उच्च स्तरीय जाँच कराकर जाँच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।